# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

श्री गंगासहाय मीना पुत्र श्री मौहरपाल मीना ग्राम–पोस्ट हुडला(सेडपाडा) तहसील महवा जिला दौसा (राज0) 321608

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा

अपील सं0 56/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 19.11.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा से दिनांक 29.08.2018 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा के पत्रांक/एल0आर0/2018/5418 दिनांक 06.11.18 द्वारा वॉछित सूचना आवेदक को सीधा ही प्रेषित की जाकर प्रति इस कार्यालय को पृष्ठिांकित की गई है। सुलभ संदर्भ हेतु पत्र के संलग्न सूचना की प्रति भिजवाई गई है। प्राप्त पत्रादि संलग्न पत्रावली है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवदेक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा